बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

लेखा पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि.सं. 03/2015) का अतिरिक्त परीक्षाफल

विज्ञापन संख्या – 03/2015 के अन्तर्गत लेखा पदाधिकारी (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 10.03.2017 को प्रकाशित किया गया था। परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उक्त परीक्षा में सम्मिलित सभी उम्मीदवारों के अंक पत्र आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित किये गये।

अंक पत्र प्रदर्शित किये जाने के बाद एक उम्मीदवार, सूर्यकान्त प्रसाद सिन्हा, अनुक्रमांक – 216681 द्वारा आर.टी.आई के माध्यम से अभ्यावेदन दिया गया कि वे मूक–बधिर कोटि के निशक्त उम्मीदवार हैं और उन्हें उक्त कोटि में कट–ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त होने के बावजूद सफल घोषित नहीं किया गया है।

मूल आवेदन पत्र से आयोग को स्पष्ट हुआ कि उक्त उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन में मूक–बधिर निशक्तता का दावा किया गया है, परन्तु इसकी प्रविष्टि कम्प्यूटर डाटाबेस में नहीं अंकित होने के कारण वे सफल घोषित नहीं किये जा सके।

सूर्यकान्त प्रसाद सिन्हा, अनुक्रमांक – 216681 को मूक–बधिर निशक्त कोटि के कट–ऑफ अंक 49 से अधिक कुल 77 अंक प्राप्त हैं।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर आयोग द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त अनुक्रमांक 216681 को उक्त प्रारम्भिक परीक्षा में सफल घोषित किया जाता है।

7.12.17

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना